# बिहार सरकार
## शिक्षा विभाग
## कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिवहर।
प्रथम तल किसान–सह–विकास भवन, समाहरणालय परिसर, शिवहर।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/2024–25

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

1.कार्यों की विवरणी

| क्र0, स0, | ग्रुप संख्या | प्रखंड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में) | अग्रधन की राशि (लाख रूपये में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1. | Toilet-01 | Piprahi | Construction Of New Toilet at<br>1.M.S. KUAMA (10030101602) 2 Unit Toilet<br>2.M.S. MADHOPUR (10030103101) 1 Unit Toilet<br>3.M.S. PIPRAHI (10030101902) 2 Unit Toilet<br>4.P.S. AMBA PASWAN TOLA NEW (10030101211) 2 Unit Toilet<br>5.P.S. BASAHIA URDU TOLE GARHWA (10030100503) 2 Unit Toilet<br>6.P.S. BUNIAD GANJ (10030101401) 2 Unit Toilet<br>7.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY BELWA (10030102002) 1 Unit Toilet<br>8.UHS DHANKAUL(10034100208) 2 Unit Toilet<br>9.UHS GANGA DIGPAL SIYA SONFI MAJHAURA (10034100197) 2 Unit Toilet<br>10.UHS MAHUAWA URDU (10034100457) 2 Unit Toilet<br>11.URDU P.S. BARI MASJID TOLA NEW (10030102604) 2 Unit Toilet | 48.72100 | 0.97500 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 2. | Toilet-02 | Sheohar | Construction Of New Toilet at<br>1.M.S. SHEOHAR (10030202101) 4 Unit Toilet<br>2. MS HANUMAN NAGR URDU (10030203201) 2 Unit Toilet<br>3. MS SUGIA CHANAU TOLA (10030203902) 2 Unit Toilet<br>4. P.S SUGIYA BAZAR TOLA (10030201105) 2 Unit Toilet<br>5. P.S. RAMPUR YADU (10030204701) 2 Unit Toilet<br>6. P.S. FATEMACHAK MAKTAB (10030204901) 2 Unit Toilet<br>7. P.S. FATMA CHAK TOLE MAMREJPUR (10030204902) 1 Unit Toilet<br>8. U.H.S SUNDARPUR KHARAVANA (10034100202) 2 Unit Toilet<br>9. U.M.S. JAFARPUR (10030202901) 2 Unit Toilet | 45.67400 | 0.91400 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 3. | Toilet-03 | Tariyani | Construction Of New Toilet at<br>1.T.R.N.R.+2 HIGH SCHOOL FATHEPUR (10030301306) 4 Unit Toilet<br>2.M.S AURA (10030300901) 2 Unit Toilet<br>3.U.H.S MUSHAHARI (10034100204) 2 Unit Toilet<br>4.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY ,ATHKONI (10030302307) 2 Unit Toilet<br>5.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY SALEMPUR (10030304006) 2 Unit Toilet<br>6.UHS DUMMA (10034100209) 4 Unit Toilet<br>7.UHS SURGAHI (10034100203) 2 Unit Toilet<br>8. M.S. CHAPRA DOR (10030300501) 2 Unit Toilet | 49.41600 | 0.98900 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |

13/09/24 Amt

13/9/24

13/09/24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | Toilet-04 | Tariyani | Construction Of New Toilet at<br>1.M.S CHHATAUNI (10030301402) 2 Unit Toilet<br>2.M.S. ATHKONI (10030302301) 3 Unit Toilet<br>3.M.S. KHORTHA URDU (10030302101) 3 Unit Toilet<br>4.M.S. VISHUNPUR FAKIRA (10030301601) 3 Unit Toilet | 26.18000 | 0.52400 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 5. | Toilet-05 | Dumari Katsari | Construction Of New Toilet at<br>1.M.S. BAHUARA BAJ (10031701601) 1 Unit Toilet<br>2.P.S MUSLIM TOLE RAMBAN NEW (10031700802) 1 Unit Toilet<br>3.P.S RAMPURKESHO B.TOLE NEW (10031701703) 1 Unit Toilet<br>4.P.S. BAJITPUR KATSARI (10031701301) 2 Unit Toilet<br>5.P.S. MASHAN (10031701401) 1 Unit Toilet<br>6.P.S. NAYA GAON NAVIN URDU (10031702212) 1 Unit Toilet<br>7.P.S. RAM KESO DAUD NAGAR NEW (10031701704) 1 Unit Toilet<br>8.P.S.VEERA CHAPRA SHEKH TOLI (10031702602) 1 Unit Toilet<br>9.M.S VEERA CHAPRA (10031702209) 1 Unit Toilet<br>10.M.S. NAYAGAON GOT (10031702203) 1 Unit Toilet | 35.70000 | 0.71400 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| | | Sheohar | 1.M.S SUNDARPUR KHARAUNA (10030204501) 4 Unit Toilet | | | | | |
| 6. | Toilet-06 | Purnahiya | Construction Of New Toilet at<br>1.M.S. BASANT JAGJIVAN (10032202403) 2 Unit Toilet<br>2.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY ,BARAHI JAGDISH (10032201404) 1 Unit Toilet<br>3.U.M.S CHAKPHTEHA KANYA (10032202702) 2 Unit Toilet<br>4.U.M.S. CHAK SONAUL(10032201701) 2 Unit Toilet<br>5.M.S. DOSTIYA DAKSHINI (10032200502) 2 Unit Toilet<br>6.P.S. BILASH RAI TOLA PIPRADHI PUNARWAS (10032200406) 2 Unit Toilet<br>7.M.S. BARAHI MOHAN (10032202301) 4 Unit Toilet<br>8.M.S. CHIRAIA (10032200201) 2 Unit Toilet<br>9.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY DOSTIYA (10032201202) 4 Unit Toilet<br>10.M.S. MADANCHAPRA (10032201601) 1 Unit Toilet | 48.72100 | 0.97500 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 7. | Toilet-07 | Purnahiya | Construction Of New Toilet at<br>1. UCHCHYA MADHYAMIC VIDYALAY , BAIRIYA (10032200611) 4 Unit Toilet<br>2.M.S. ASHOGI (UPGR) (10032200801) 3 Unit Toilet | 17.11400 | 0.34200 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 8. | Kitchen-08 | Piprahi | Construction Of New Kitchen Shed at<br>1.M.S. KUAMA (10030101602)<br>2.P.S. BASAHIA URDU TOLE GARHWA (10030100503)<br>3.URDU P.S. BARI MASJID TOLA NEW (10030102604) | 48.50000 | 0.97000 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| | | Dumari Katsari | Construction Of New Kitchen Shed at<br>1.M.S VIRA CHAPRA (10031702209) | | | | | |
| | | Purnahiya | Construction Of New Kitchen Shed at<br>1.M.S ADAURI (10032200104)<br>2.M.S. BARAHI JAGDISH BALAK (10032201401)<br>3.M.S. BASANT JAGJIVAN (10032202403)<br>4.M.S. BASANT PATTI (10032201101)<br>5.P.S. BASANT JAGJIVAN MUSH. TOL (10032202404)<br>6.M.S. SONAUL SULTAN (10032201801) | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | Kitchen-09 | Sheohar | Construction Of New Kitchen Shed at<br>1.M.S. MOHARI (10030201702)<br>2.M.S. SAHPUR (10030202801)<br>3.P.S. KHAIRWA DARP M. TOLA NEW (10030202703) | 48.50 | 0.97000 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| | | Tariyani | Construction Of New Kitchen Shed at<br>1.M.S AURA (10030300901)<br>2.M.S. ATHKONI (10030302301)<br>3.M.S. GURHANI (10030302701)<br>4.M.S. HIRAMMA URDU RAMPUR KHAS (10030302201)<br>5.M.S. PAHARPUR (10030305301)<br>6.M.S. POJHIYAN (10030300404)<br>7.P.S. MADHOPUR CHHATA (10030303102) | | | | | |
| 10 | B/W-10 | Purnahiya | Construction Of Boundary Wall at<br>1.SRI GUDDAR JAGDEO +2 HIGH SCHOOL SONAUL SULTAN (10032201804) 499 M.<br>2.M.S. SONAUL SULTAN (10032201801) 91 M. | 48.74320 | 0.97500 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 11 | B/W-11 | | Construction Of Boundary Wall at<br>1.M.S. DOSTIYA DAKSHINI (10032200502) 156 M.<br>2.U.M.S. BEDAUL ADAM (10032202101)137 M.<br>3.U.M.S. CHANDIHA KANYA(10032200402) 140 M.<br>4.U.M.S. THIKHA (10032202601) 44 M. | 39.90300 | 0.79800 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 12 | B/W-12 | | Construction Of Boundary Wall at<br>1.UCHCH MADHYAMIC VIDYALAY ,BAKHAR CHANDIA (10032200407) 180 M.<br>2.UHS BANT JAGJIVAN) (10034100206) 319 M. | 41.27400 | 0.82550 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 13 | B/W-13 | Dumari Katsari | Construction Of Boundary Wall at<br>1.M.S. ROHUA KANYA (10031700902) 46 M.<br>2.M.S. UMED CHAPRA (10031700401) 52 M.<br>3.P.S PHULKAHAN TOLE BENIPUR NEW (10031700703) 47 M.<br>4.P.S BABU TOLA JAHANGIRPUR (10031700205) 123 M.<br>5.P.S. KARARIA SOUTH TOLA (10031700312) 45 M. | 26.69400 | 0.53400 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 14 | B/W-14 | Piprahi | Construction Of Boundary Wall at<br>1.M.S. AMBA OJHA TOLA (10030101201) 163M.<br>2.M.S. PARSAUNI BAIJ (10030102201) 121 M. | 42.16400 | 0.84350 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| | | Sheohar | Construction Of Boundary Wall at<br>1.P.S. KHAIRWA DARP M. TOLA NEW (10030202703) 30 M.<br>2.P.S. MAULA GANJ (10030201701) 53 M.<br>3.P.S. PARDESIYA E.SC TOLA (10030200102) 135 M. | | | | | |
| 15 | B/W-15 | Tariyani | Construction Of Boundary Wall at<br>1.P.S. BENIPUR (10030305102) 61 M.<br>2.P.S. BRINDAVAN BAZAR (10030304703)61M<br>3.P.S. CHHATAUNI GIRL (10030301401) 35 M.<br>4.P.S.GAUSPUR MARHALLA(10030301301)69M.<br>5.P.S. GHORAHA (10030304802) 61 M.<br>6.P.S. JAGDISHPUR CHIMANI NEW (10030305004) 61 M.<br>7.P.S. POJHIYAN KANYA (10030300402) 61 M.<br>8.P.S. SONBARSA GIRL (10030300302) 61 M.<br>9.P.S. TAJPUR CHAUR (10030301002) 60 M. | 45.31500 | 0.90650 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |
| 16 | B/W-16 | | Construction Of Boundary Wall at<br>1.P.S. TUNIYAHI NEW (10030301305) 121 M.<br>2.UHS SURGAHI (10034100203) 427 M. | 45.28600 | 0.90600 | 5,000/- | As appeared on e-tendering website | 03 Months |

नोट –

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक 13.09.2024

3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 23.09.2024 से 30.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 03.10.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न।

13/09/24 AMT   13/9/24   13/09/24 DPO (SSA)   13/09/24

6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )

7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

9. ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को eproc-2 के साथ निबंधन कराना होगा, वेबसाईट पर आवष्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User ID तथा Password मिलेगा। संवेदकों को DSC (Digital Signature Certificates) भी प्राप्त करना होगा। User ID, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।

10. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई–मेल आई0डी0– eproc2support@bihar.gov.in, Working Hours 8:00 am to 7:00 pm से प्राप्त किया जा सकता है। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी eproc2.0 helpdesk, Address-mjunction services ltd., R.J. Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.-Shastri Nagar, Patna-800014 से प्राप्त किया जा सकता है।

11. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाईट पर ही निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिष्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवष्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त होगी। विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in देखा जा सकता है।

12. बिहार सरकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (संशोधित) एवं बिहार लोक निर्माण संहिता के संषोधित नियम 159 (ख) के अन्तर्गत 25 लाख से अधिक तथा 200 लाख से कम राषि की योजनाओं के निर्माण कार्यो के लिए समुचित श्रेणी में केन्द्रीय/राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

13. (i) e-proc 2.0 प्रणाली के तहत् मात्र online विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राषि) ही स्वीकार किये जायेगें। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

(ii) संवेदक द्वारा जमा किये गये अग्रद्यन की राशि पर किसी प्रकार का सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(iii) बीड प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

आवश्यक ऑनलाईन भुगतान के साथ बीड, इस निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित तिथि एवं समय से पहले, ई–प्रोक्योरमेण्ट पोर्टल www.eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड किया जाना आवष्यक है। इन्टरनेट कनेक्सन, नेटवर्क ट्रैफिक/अवकाष (छुट्टियाँ) या अन्य किसी भी कारण से हुए विलम्ब/निविदा सबमिट (Submit) नहीं होने/ऑनलाइन के रिकॉनसिलेषन (Reconciliation) नहीं होने की स्थिति के लिए विभाग की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

("Bid Processing Fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS."

"Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay/Non Submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non-availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason.")

14. संवेदक स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ट संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी अभिलेख पीडीएफ (Pdf), एमएस ऑफिस (MS Office), कम्पेटीबिलिटी मोड (Compatibility Mode), जेपीईजी फॉरमेट (JPEG Format) में ही अपलोड (Upload) किये जाए, अन्य फारमेट (Format) में अपलोड डॉक्यूमेंटस (upload document) के डाउनलोड/ओपेन (Download/open) नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

15. संवेदक स्कैन कर अपलोड किए गये कागजातों की डाउनलोडेबिलिटी/विजिबिलिटी (Downloadability/visibility) से पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेंगे।

16. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने के संबंध का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। अतः संवेदकों को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व ही कठिनाइयों से बचने हेतु बीड को अपलोड कर लें।

17. बीड प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तिथि को 12.00 बजे रात्रि से निविदा डालने के निर्धारित समय के पूर्व यदि www.eproc2.bihar.gov.in का लगातार 2 घंटे से अधिक समय के लिए सर्वर डाउन होने की स्थिति में निविदा डालने की तिथि स्वतः अगले दिन के लिए निर्धारित समय तक विस्तारित हो जाएगी।

18. किसी भी प्रकार का शुद्धि–पत्र को वेबसाईट पर प्रकाषित किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।



13/09/24 13/9/24 13/09/24

19. संवेदको को कार्य स्थल, प्राक्कलन, क्वैरी स्थल एवं सामग्री स्थल इत्यादि की स्थिति, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति से पूर्णरूपेण संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा मे भाग लेने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

20. (i) राज्य सरकार के किसी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये अथवा कार्यो से वंचित (debarred) संवेदक इस निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे।

(ii) निविदा सूचना की अन्य सभी शर्तो को पूरा करने के वावजूद, कोई संवेदक निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होगें यदि :–

(क) संवेदक के द्वारा किसी निर्धारित प्रपत्र, विवरणी, शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण पत्र के रूप में समर्पित किसी कागजात या दस्तावेज में गलत या गुमराह करने वाला तथ्य समर्पित किया गया हो।

(ख) किसी संवेदक का कार्य निष्पादन का रिकॉर्ड (Record) खराब रहा हो अर्थात, उन्होंने आवंटित कार्य को अधूरा छोड़ दिया हो, संविदा की शर्तो के अनुसार कार्य सम्यक रूप से पूरा नहीं किया हो, पूर्व से आवंटित किसी कार्य को पूरा करने में गंभीर विलम्ब किया हो, विवाद का इतिहास हो, वित्तीय अक्षमता सिद्ध हुई हो।

(iii) पार्टनरशीप डीड में अंकित कोई पार्टनर, कम्पनी के प्रबंध निदेशक, सहयोग समिति एवं निबंधित संस्थाओं के पदधारक या इन पदों पर कार्य करने वाले पदधारक पूर्व में ब्लैक लिस्टेड है तो वह फर्म / कम्पनी / सहयोग समिति / निबंधित संस्था निविदा में भाग लेने का पात्र नहीं होगी।

21. निविदा दर प्रस्ताव के साथ तकनीकी बीड में एक पृथक पृष्ठ (चेकलिस्ट) पर निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों / वांछित सूचनाओं पृष्ठ संख्या के साथ अंकित करते हुए अपलोड (UPLOAD) किया जाना है।

(i) 25 लाख से अधिक तथा 200 लाख से कम राषि की योजनाओं के निर्माण कार्यो के लिए केन्द्रीय / राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित संवेदकों से समुचित श्रेणी में निर्गत निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(ii) साझेदारी फर्म / कम्पनी के मामले में डीड एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की छाया प्रति।

(iii) पैन कार्ड की छाया प्रति।

(iv) जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(v) **GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।**

(vi) संवेदक को बीड अमाउन्ट (Bid Amount) का कम से कम 25 % इन्वेस्ट (invest) करने का शपथ पत्र / घोषणापत्र।

(vii) संवेदक के अधीन चल रहे कार्यों एवं लम्बित कार्यों की राशि सहित सूची। यदि कोई कार्य नही चल रहा हो अथवा कोई कार्य लम्बित नहीं हो तो इस आषय का शपथ पत्र / घोषणा पत्र।

(viii) **घोषणा का शपथ पत्र :–**
''मैं अद्योहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम) ............................................... सुपुत्र / सुपुत्री / पत्नी श्री ............................................ शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि :–

(क) मेरे / हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

(ख) मुझे / हमें किसी सरकारी / अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा डिबार (Debar), ब्लैकलिस्टेड (Blacklisted) अथवा विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर रिसाइन्ड (Rescind) नहीं किया गया है।

(ग) मेरा / हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्रेत है पति / पत्नी, माता / पिता, भाई / बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्यालय में कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / कार्यपालक अभियंता / लेखा पदाधिकारी / लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है ।

(घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य हैं।
उपर्युक्त कंडिका 'क', 'ख' एवं 'ग में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'घ' में से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार, मेरे / हमारे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे / हमारे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे।''

(ix) समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराये गये कार्यों का कार्यपालक अभियंता के स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(x) अभियंत्रण संगठन का पूर्ण ब्योरा जिसमें योग्यता प्राप्त अभियंताओं का संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव व पर्याप्त संख्या में तकनीकी सुपरवाइज़री स्टाफ की पूर्ण विवरणी के साथ संवेदक (नियोजन कर्त्ता) तथा नियोजित अभियंता का प्रति शपथ–पत्र एवं नियोजित अभियंता के शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(xi) कार्य में प्रयुक्त होने वाले यंत्र–संयंत्र एवं गुणवत्ता उपकरणों का स्वामित्व प्रमाण पत्र अथवा संवेदक द्वारा किसी अन्य व्यक्ति / फर्म से यंत्र–संयंत्र एवं गुणवत्ता उपकरणों के उपलब्ध कराने का शपथ–पत्र एवं जिस व्यक्ति / फर्म जिससे यंत्र–संयंत्र एवं गुणवत्ता उपकरण प्राप्त किया जा रहा हो का प्रति–शपथ–पत्र तथा उसके अधीन यंत्र–संयंत्र एवं गुणवत्ता उपकरणों का स्वामित्व प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(xii) समरुप कार्य / असैनिक कार्य का कार्यपालक अभियंता स्तर से निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।

(xiii) विगत पॉच वर्षो में से विगत तीन वर्ष का चारटर्ड एकाउन्टेन्ट (Chartered Accountant) द्वारा ऑडिटेड वार्षिक टर्न ओभर UDIN सहित (w.e.f 1 जुलाई 2020) की छाया प्रति।

22. **प्रतिशत दर निविदा–**

(क) कार्य के परिमाण विपत्र की राषि से प्रतिषत के रूप में अधिक, बराबर या कम दर (अंक एवं शब्दों में) अंकित किया जाए।

(ख) अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी (Additional Performance Guarantee) परिमाण विपत्र की दर से कम दर उद्धृत करने वाले संवेदकों से एकरारनामा के पूर्व पाँच (5) प्रतिषत जमानत की राषि (Security deposit) के अतिरिक्त, अतिरिक्त परफॉमेंस गारंटी (Additional performance Guarantee) निम्नलिखित तरीके से प्राप्त की जायेगी :–

(i) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिषत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिषत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिषत उद्धत कम दर के लिए ली जायगी।

(ii) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिषत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिषत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिषत उद्धत कम दर के लिए ली जायगी।

(iii) परिमाण विपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिषत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 01 प्रतिषत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिषत उद्धत कम दर के लिए ली जायगी।

(iv) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिषत से उपर कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 02 प्रतिषत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिषत उद्धत कम दर के लिए ली जायगी।

**उदाहरणस्वरूप :–**

(a) 3 प्रतिषत कम दर के लिए अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी (Additional Performance Guarantee):- 3 x 0.25 अर्थात 0.75 प्रतिषत।

(b) 7 प्रतिषत कम दर के लिए अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी (Additional Performance Guarantee):- 5 x 0.25 + 2 x 0.5 = 2.25 प्रतिषत

(c) परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर के लिए 5 x 0.25 + 5 x 0.5 = 3.75 प्रतिषत

23. सिर्फ तकनीकी बीड उपर्युक्त कंडिका 5 मे उल्लेखित तिथि एवं समय पर खोला जायेगा। तकनीकी बीड का मूल्यांकन निर्धारित अंक तालिका के आधार पर किया जायेगा एवं तदनुरूप तकनीकी बीड में योग्य पाये जाने वाले संवेदक/संवेदकों का ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

24. **निविदा निष्पादन**

(i) उपर्युक्त कंडिका 21 के (i) से (xiv) में से कोई कागजात अपलोड (Up-load) नहीं करने एवं निर्धारित अवधि तक जमा नहीं करने की स्थिति में उनके तकनीकी बीड पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ii) जिला पदाधिकारी षिवहर की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति द्वारा (निविदा निष्पादन की प्रदत्त शक्ति के अन्तर्गत) अंक तालिका के आधार पर जाँचोपरान्त तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया जायेगा। मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हता प्राप्तांक 60 प्रतिशत निर्धारित है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले संवेदको के वित्तीय बीड पर विचार नहीं किया जायेगा।

(iii) तकनीकी बीड में सफल संवेदक/संवेदकों का वित्तीय बीड खोला जायेगा। जिसके लिए तिथि एवं समय की सूचना दी जायेगी।

(iv) वित्तीय बीड खोलने के उपरान्त सफल न्यूनतम दरदाता संवेदक की निविदा आवश्यकतानुसार दर वार्ता के उपरान्त स्वीकार की जायेगी।

(v) निविदा में सफल एकाधिक संवेदको से उद्धृत दर समान होने पर लॉटरी (ड्रॉ ऑफ लॉटस) के आधार पर चयनित संवेदक के साथ ही आवश्यकतानुसार दर–प्रक्रमण (दर वार्ता) किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य आवंटित किया जायेगा।

25. **एकरारनामा–**

(i) रूपये 25 लाख से रूपये 200 लाख तक की निविदा में सफल संवेदक को कार्य आवंटन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर लोक निर्माण संहिता के प्रपत्र एफ–2 (कंडिका–23 विलोपित) पर एकरारनामा कर कार्य प्रारम्भ करना होगा।

(ii) एकरारनामा करने के उपरांत मासिक कार्य योजना समर्पित करना होगा।

(iii) अविलम्ब कार्यस्थल पर कार्य से संबंधित सूचना पट्ट उसके आकार प्रकार एवं उसमें भरे जाने वाले विवरण के संबंध में कार्य के प्रभारी अभियन्ता के निदेशों का पालन करना होगा।



13/09/24 13/9/24 13/09/24

(iv) एकरारनामा करने के समय पर जिला षिक्षा पदाधिकारी षिवहर अद्यतन श्रम विभाग निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्राप्त करना सुनिष्चित करेंगे।

26. **भुगतान की प्रक्रिया–**

(i) कार्य प्रारंभ के पूर्व, कार्य के दौरान यथा प्रत्येक विपत्र के साथ तथा कार्य समाप्ति के उपरांत, संबंधित कार्य स्थल की फोटोग्राफी/विडियोग्राफी संवेदक को स्वयं करानी होगी एवं उसकी सी०डी० षिक्षा विभाग षिवहर कार्यालय में जमा करानी होगी, जिसे निर्धारित वेवसाइट पर प्रत्येक विपत्र के समय अपलोड किया जायेगा। अन्यथा इसके अभाव में कार्य का भुगतान रोक दिया जा सकता है।

(ii) आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा। इस मद में कोई दावा या ब्याज इत्यादि अनुमान्य नहीं होगा।

(iii) आवंटन उपलब्ध रहने पर विशिष्टियों के अनुरूप कृत कार्य का भुगतान निकासी एवं व्ययनन पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह में कम–से–कम एक बार निश्चित रूप से करेगें।

27. **अन्य शर्तें–**

(i) निविदा में निर्धारित अवधि के अन्तर्गत ही कार्य को पूरा करना होगा। विशेष परिस्थिति को छोड़कर, अवधि विस्तार की स्वीकृति नहीं दी जायगी।

(ii) संवेदक के विपत्र से अन्य आवष्यक कटौतियों के अतिरिक्त 1% (एक प्रतिषत) सेस की राषि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु कटौती की जायेगी।

(iii) संवेदक को आवंटित कार्य से संबंधित आवश्यकतानुसार सभी यंत्र–सयंत्रों, गुण–नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। जिसके लिए किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।

(iv) दस्तावेजों की मूल प्रति को सक्षम पदाधिकारी, द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

(v) ओवर हेड मद के अंतर्गत होने वाले व्यय यथा गुण नियंत्रण, गोदाम निर्माण–सह–स्थल–कार्यालय का निर्माण, बिजली, पानी, पर्यवेक्षण हेतु वाहन एवं GST इत्यादि का वहन संवेदक द्वारा ही किया जाएगा।

(vi) अनुमानित राशि घट–बढ़ सकती है तथा कार्य स्थल के अनुसार निरूपण में परिवर्त्तन किया जा सकता है। अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुरूप परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि देय होगी।

(vii) दर के संबंध में और कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(viii) सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

(ix) सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/किन्ही कार्यों को या किसी कार्य के किन्ही अंश/अंशों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(x) संवेदकों को कार्य समाप्ति के पश्चात तीन वर्षो तक त्रुटियों के निराकरण की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए विभाग द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

यह निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र के साथ निर्गत विशेष शर्त भी एकरारनामा का अंग होगा।

13/09/24
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान,
शिवहर।

13/09/24
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
शिवहर।

13/09/24

13/9/24